रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 197] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 29, 2015/ज्येष्ठ 8, 1937
No. 197] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 29, 2015/JYAISTHA 8, 1937

पूर्वांचल बैंक

अधिसूचना

गोरखपुर, 7 मई, 2015

बैंक (अधिकारी एवं कर्मचारी) सेवा विनियम, 2010

अध्याय– 1

सं. 2015–16/पीईआर–545.—प्रारम्भिक :

1. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होना–

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम पूर्वांचल बैंक (अधिकारी एवं कर्मचारी) सेवा विनियम, 2010 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये बैंक के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को लागू होंगे :

परन्तु ये इन विनियमों में उपबंधित के सिवाय या ऐसे विस्तार तक जो बोर्ड द्वारा विशिष्टयता या साधारणतया विनिर्दिष्ट की जाएं –

(क) ऐसे व्यक्ति को जो दैनिक वेतन पर अस्थाई तौर पर नियुक्त हैं या ऐसे व्यक्ति जो संविदा पर है, लागू नहीं होंगे ;

(ख) प्रायोजित बैंक, केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या कोई अन्य संगठन से प्रतिनियुक्ति पर किसी व्यक्ति को लागू नहीं होंगे ।

2. परिभाषाऐं –

(1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से, अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) ''अधिनियम'' से प्रादेशिक ग्रामीण बैक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) अभिप्रेत है ;

(ख) ''नियुक्ति प्राधिकारी'' से विनियम 5 के उपविनियम (1) में विहित प्राधिकारी अभिप्रेत है ;

(ग) ''बैंक'' से अधिनियम की घारा 3 की उपधारा (1) के अधीन स्थापित पूर्वांचल बैंक का नाम अभिप्रेत है ;

(घ) ''बोर्ड'' से बैंक का निदेशक मण्डल अभिप्रेत है ;

(ङ) ''शाखा प्रबंधक'' से बैंक की किसी शाखा का कोई भारसाधक अधिकारी अभिप्रेत है ;

(च) ''कैलेंडर वर्ष'' से वर्ष की जनवरी के पहले दिन से प्रारंभ होने और उसी वर्ष की दिसम्बर के 31वें दिन को समाप्त होने वाली अवधि अभिप्रेत है ;

(छ) ''सक्षम प्राधिकारी'' से अधिकारी के संबंध में अध्यक्ष और कर्मचारी के संबंध में महाप्रबंधक अभिप्रेत है : परंतु यदि जहां कोई महाप्रबंधक नहीं है कर्मचारियों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अध्यक्ष होगा।

(ज) ''कर्तव्य'' के अंतर्गत–

(i) परिवीक्षाधीन व्यक्ति के रूप में सेवा,

(ii) अवधि जिसके दौरान कोई अधिकारी या कर्मचारी कार्यग्रहण की अवधि पर है,

(iii) आकस्मिक छुट्टी या सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत विशेष आकस्मिक छुट्टी पर बिताई गई अवधि,

(iv) प्रशिक्षा पर बिताई गई अवधि जब वह सेवा में है,

(v) किसी अन्य संगठन में सम्बद्ध या प्रतिनियुक्ति पर बिताई गई अवधि भी है ।

(झ) ''उपलब्धियां'' से वेतन और भत्ते यदि कोई हों, का योग अभिप्रेत है ;

(ञ) ''कर्मचारी'' से विनियम 3 के उपनियम (1) के खंड (ख) और खंड (ग) के अधीन यथावर्गीकृत बैंक का कोई कर्मचारी अभिप्रेत है और जिसके अंतर्गत ऐसे कर्मचारी जो विनियम 75 के अधीन अन्य संगठन को उधार पर सेवा देते हैं ;

(ट) ''कुटुंब'' से अधिकारी या कर्मचारी की पति या पत्नी सम्मिलित है (यदि पति या पत्नी भी बैंक के अधिकारी या कर्मचारी नहीं है) और अधिकारी या कर्मचारी के बच्चे, माता–पिता, भाई और बहनें जो उस अधिकारी या कर्मचारी पर पूर्णतः आश्रित है किन्तु उसमें वह सम्मिलित नहीं है जो वैध रूप से पृथक पति या पत्नी हैं ;

(ठ) ''अधिकारी'' से विनियम 3 के उपविनियम (1) के खंड (क) के अधीन यथावर्गीकृत बैंक का कोई अधिकारी अभिप्रेत है ;

(ड) ''वेतन'' से अधिकारी या कर्मचारी द्वारा किसी वेतनमान में उसके द्वारा आहरित मूल वेतन अभिप्रेत है जिसके अंतर्गत वेतनरूद्ध वृद्धियां और उपलब्धियों का कोई भाग जो इन विनियमों के अधीन वेतन के रूप में विनिर्दिष्ट रूप से वर्गीकृत हो सकेगा ;

(ढ) ''क्षेत्रीय प्रबंधक'' से बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय का भारसाधक कोई अधिकारी अभिप्रेत है ;

(ण) ''संबल'' से वेतन और महंगाई भत्ता का कुल अभिप्रेत है ;

(त) ''प्रायोजित बैंक'' से भारतीय स्टेट बैंक का नाम अभिप्रेत है ।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं।

अध्याय–2

अधिकारियों और कर्मचारियों का वर्गीकरण, नियुक्ति, परिवीक्षा और सेवा समाप्ति

3. अधिकारियों और कर्मचारियों का वर्गीकरण

(1) बैंक के अधिकारी और कर्मचारी निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत होंगे, अर्थात् :–

(क) समूह ''क''– अधिकारी

कनिष्ठ प्रबंध

(i) स्केल I (सहायक प्रबंधक)

मध्य प्रबंध

(ii) स्केल II (प्रबंधक)

(iii) स्केल III (ज्येष्ठ प्रबंधक)

ज्येष्ठ प्रबंध

(iv) स्केल IV (मुख्य प्रबंधक)

(v) स्केल V (सहायक महाप्रबंधक)

स्पष्टीकरण : इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए अध्यक्ष, किसी अधिकारी को, शाखा अधिकारी,

क्षेत्रीय प्रबंधक या महाप्रबंधक के रूप में कार्य या उससे अभिहित कार्यों के अधार पर और अधिकारी के वेतनमान पर अधिकारी को पदाभिहित कर सकेगा।

(ख) समूह ''ख''— कार्यालय सहायक (बहुप्रयोजन)

(ग) समूह ''ग''— कार्यालय परिचारक (बहुप्रयोजन)

(2) इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, बैंक में सेवारत अधिकारी या कर्मचारी के सभी काडरों या प्रवर्गों को सभी समय बैंक की अपेक्षा के अनुरूप गठित होंगे।

4. नैमित्तिक कर्मचारी—

इन विनियमों में प्रतिकूल किसी बात के होते हुए भी, अध्यक्ष, बोर्ड द्वारा समय समय पर जारी ऐसे साधारण या विशेष अनुदेशों के अधीन और प्रायोजित बैंक के परामर्श से, नैमित्तिक आधार पर समूह ''ग'' में व्यक्तियों को किसी अत्यावश्यकता को पूरा करने के लिए किसी वर्ष में 90 दिनों से अनधिक किसी अवधि के लिए नियुक्त कर सकेगा ।

5. बैंक की सेवा में अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति—

(1) अध्यक्ष, अधिकारी के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी होगा और कर्मचारियों के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी महाप्रबंधक होगा :

परंतु यदि महाप्रबंधक के पद पर कोई पदधारी नहीं है तो कर्मचारियों के संबंध में भी अध्यक्ष नियुक्ति प्राधिकारी होगा।

(2) विनियम 4 में उपबंधित के सिवाय, अधिनियम की धारा 29 के निबंधनों में केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसरण में बैंक में सभी नियुक्तियां होंगी ।

(3) प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी को बैंक की सेवा में पहली नियुक्ति पर चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा उपयुक्तता प्रमाणपत्र देना होगा जो बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट हो सकेगा ।

(4) (i) निरर्हता— वह अधिकारी या कर्मचारी—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस विनियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ;

(ii) प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी बैंक की सेवा में अपनी पहली नियुक्ति पर अनुसूची—1 के अनुसार अपनी वैवाहिक प्रास्थिति की घोषणा देगा ।

6. वेतनमान और भत्ते—

विनियम 3 में निर्दिष्ट किसी समूह में किसी पद पर नियुक्त कोई अधिकारी या कर्मचारी के वेतन, भत्ते और वेतनवृद्धियों अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के अधीन जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय—समय पर यथाअवधारित की जाए, होगी ।

7. सेवा का प्रारंभ—

बैंक में नियुक्त किसी व्यक्ति की सेवा का प्रारंभ उसे नियुक्ति के लिए किए गए प्रस्ताव के निबंधन और शर्तों के अनुसरण में किसी पद पर कर्तव्य के लिए वह रिपोर्ट करता है पर किसी कार्य दिवस से प्रारंभ होती होगी :

परंतु ऐसे कार्य दिवस के मध्यान्ह में उसके पद ग्रहण करने की दशा में वह उक्त दिन के लिए वेतन और भत्ते पाने का हकदार नहीं होगा।

8. परिवीक्षा—

(1) समूह ''क'' पद पर सीधे नियुक्त कोई अधिकारी दो वर्ष की परिवीक्षा पर होगा जिसे नियुक्ति अधिकारी द्वारा एक वर्ष से अनधिक किसी अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकेगा ।

(2) समूह ''क'' स्केल 1 में किसी पद पर प्रोन्नत कोई कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगा जिसे नियुक्ति अधिकारी द्वारा छह मास से अनधिक किसी अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकेगा ।

(3) (क) समूह ''ख'' या समूह ''ग'' में सीधे नियुक्त कोई कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगा जिसे नियुक्ति अधिकारी द्वारा छह मास से अनधिक किसी अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकेगा;

(ख) समूह ''ग'' के किसी कर्मचारी को समूह ''ख'' में किसी पद पर प्रोन्नति पर परिवीक्षा की अवधि छह मास के लिए होगी जिसे नियुक्ति अधिकारी द्वारा तीन मास से अनधिक किसी अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकेगा ।

(4) किसी अधिकारी या कर्मचारी की परिवीक्षा अवधि उसके द्वारा असाधारण छुट्टी लेने पर या परिवीक्षा की अवधि के दौरान उसका कार्यसंपादन नियुक्ति प्राधिकारी की राय में असमाधानप्रद था, अनुज्ञेय सीमा तक विस्तार विस्तारित कर सकेगा ।

9. पुष्टीकरण–

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी बैंक की सेवा में पुष्ट होगा यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में अधिकारी या कर्मचारी ने अपनी परिवीक्षा समाधानप्रद रूप में पूर्ण कर ली है ।

(2) जहां परिवीक्षा अवधि के दौरान जिसके अंतर्गत परिवीक्षा की विस्तार की अवधि भी है, यदि कोई हो, नियुक्ति अधिकारी की राय है कि यथास्थिति, अधिकारी या कर्मचारी उक्त पद पर पुष्टि के लिए उपयुक्त नहीं है, –

(क) सीधे नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी की दशा में उसकी सेवाएं एक मास की सूचना या उसके बदले वेतन देने के पश्चात् समाप्त हो सकेंगे,

(ख) किसी कर्मचारी की दशा में जो समूह ''ख'' से समूह ''क'' के स्केल 1 या समूह ''ग'' से समूह ''ख'' में प्रोन्नत है वह उस पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा जिससे वह प्रोन्नत हुआ था ।

10. सूचना द्वारा सेवा की समाप्ति–

(1)(क)कोई अधिकारी या कर्मचारी बैंक में अपनी सेवाओं को नियुक्ति अधिकारी को अपने सेवा

जारी न रखने या पद त्याग के अपने आशय की लिखित में पहले दिए बिना अपनी सेवा का त्याग या छोड़ नहीं सकेगा;

(ख) सूचना की अवधि–

(i) पुष्ट अधिकारी या पुष्ट कर्मचारी की दशा, तीन मास

(ii) अधिकारी या कर्मचारी जो परिवीक्षा पर है, एक मास अपेक्षित होगी ।

(ग) उपविनियम(1) के खंड (ख) के भंग की दशा में, कोई अधिकारी या कर्मचारी उसे अपेक्षित सूचना की अवधि के लिए अपने वेतन के समान किसी रकम को प्रतिकर के रूप में बैंक को देने के लिए दायी होगा।

(2) उपविनियम (1) में किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी किसी अधिकारी या कर्मचारी जिसके विरूद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही अनुध्यात है या लंबित है, नियुक्ति अधिकारी की पूर्व अनुमोदन के बिना बैंक से अपनी सेवाओं का त्याग या विरत या पदत्याग नहीं कर सकेगा और ऐसे अधिकारी या कर्मचारी द्वारा त्यागपत्र की कोई सूचना ऐसे अनुशासनात्मक कार्यवाहियों के पहले या उसके दौरान प्रभावी नहीं होगी जब तक कि उसे सक्षम प्राधिकारी स्वीकार नहीं करता है ।

स्पष्टीकरण – इस विनियम के प्रयोजन के लिए, अनुशासनात्मक कार्यवाहियों किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध अनुध्यात या लंबित समझी जाएगी यदि वह निलंबन या कोई उसे कारण बताओ सूचना जारी की गई है कि क्यों न उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित की जाए जब कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई आदेश पारित नहीं कर दिया जाता है।

11. अधिवर्षिता और सेवानिवृत्ति–

(1) किसी अधिकारी या कर्मचारी 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त होगाः

परंतु अध्यक्ष, उपविनियम(3) के अधीन गठित विशेष पुनर्विलोकन समिति द्वारा की गई सिफारिश पर, 55 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् या बैंक में कुल सेवा के 30 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात्, इसमें से जो पूर्वत्तर हो, किसी अधिकारी या कर्मचारी को सेवा निवृत्त कर सकेगा ।

परंतु यह और कि कोई अधिकारी या कर्मचारी इस उपविनियम के अधीन सेवानिवृत्त नहीं होगा जब तक कि किसी अधिकारी की दशा में कम से कम तीन मास और किसी कर्मचारी की दशा में एक मास की लिखित सूचना न दे दी गई हो या इसके बदले में किसी अधिकारी की दशा में तीन मास या किसी कर्मचारी की दशा में एक मास के वेतन के समतुल्य रकम का संदाय ऐसे अधिकारी या कर्मचारी को कर दिया गया हो :

परंतु यह और कि भी यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अध्यक्ष द्वारा पारित किसी आदेश से व्यथित होता है वह ऐसे आदेश पारित होने की तारीख एक मास के भीतर अध्यक्ष के विनिश्चय के विरूद्ध बोर्ड को लिखित में प्रतिवेदन देगा और बोर्ड ऐसे प्रतिवेदन की प्राप्ति पर तीन मास की अवधि के भीतर कोई विनिश्चय करेगा ।

(2) जहां बोर्ड यह विनिश्चय करता है कि अध्यक्ष द्वारा पारित आदेश न्यायानुमत नहीं है तो वह संबद्ध अधिकारी या कर्मचारी को पुनर्स्थापित होगा जैसे यदि अध्यक्ष द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किया है ।

(3) अध्यक्ष एक विशेष पुनर्विलोकन समिति का गठन करेगा जो बोर्ड के तीन से अन्यून सदस्यों से गठित होगी जो यह पुनर्विलोकन करेगी कि क्या कोई अधिकारी या कर्मचारी विनियम (1) के अनुसरण में सेवानिवृत्त होंगे ।

(4) विशेष पुनर्विलोकन समिति समय समय पर प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी के मामले का पुनर्विलोकन करेगी और अध्यक्ष को अपनी सिफारिश करेगी ।

स्पष्टीकरण— इस विनियम के प्रयोजन के लिए, अधिकारी या कर्मचारी—

(i) वह जिनकी अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की पहली तारीख पर जन्मतिथि है पूर्वमास की अंतिम तारीख पर जिसको यह अधिवर्षिता की आयु पूरी करता है,

(ii) जो किसी तारीख पर जो किसी कलेंडर मास के दौरान पहले दिन से भिन्न पर अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करता है, उक्त मास की अंतिम तारीख को सेवानिवृत्त होगा ।

अध्याय—3

सेवा, ज्येष्ठता, प्रोन्नति और प्रतिवर्तन के अभिलेख

12. सेवा का अभिलेख—

बैंक, यथास्थिति, किसी अधिकारी या कर्मचारी के सेवा अभिलेख रखेगा और ऐसे स्थान या स्थानों पर ऐसे प्रारूप में रखेगा और उसमें ऐसी जानकारी अंतर्विष्ट होगी जो बोर्ड द्वारा समय समय पर इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए ।

13. ज्येष्ठता—

(1) उपविनियम (3), उपविनियम (4) और उपविनियम (5) के उपबंधों और ऐसे विनिर्देश तथा मार्गनिर्देश में, जो बोर्ड द्वारा, समय—समय पर, जारी हो सकेंगे, किसी बात के होते हुए भी, बैंक, अधिकारी या कर्मचारियों के प्रत्येक काडर के लिए पृथक ज्येष्ठता सूची और किसी काडर के भीतर प्रवर्ग के प्रकार में ज्येष्ठता सूची रखेगा।

(2) ज्येष्ठता सूची ऐसे अंतरालों पर पुनर्विलोकित और अद्यतन होगी जो बैंक द्वारा विनिश्चित हो सकेगी और यथास्थिति, अधिकारियों या कर्मचारियों के मध्य परिचालित की जाएगी ।

(3)(क) किसी काडर या वेतनमान में किसी प्रोन्नत अधिकारी या कर्मचारी की ज्येष्ठता या काडर या इसके वेतनमान में उसके नियुक्ति की तारीख के संदर्भ के साथ गणना में होगी ;

(ख) जहां उक्त काडर या वेतनमान में समान सेवा अवधि के दो या अधिक प्रोन्नत अधिकारी या कर्मचारी हैं उनकी पारस्परिक ज्येष्ठता पूर्ववर्ती काडर या वेतनमान में उनकी ज्येष्ठता के संदर्भ में उनकी गणना की जाएगी ;

(ग) जहां दो या अधिक प्रोन्नत अधिकारी या कर्मचारी ऐसे पूर्ववर्ती काडर या स्केल में सेवा की समान अवधि रखते हैं, यथास्थिति, पूर्ववर्ती काडर या वेतनमान में उनकी ज्येष्ठता के संदर्भ में अवधारित होगी ।

(4) शाखा अधिकारी की तुलना में पूर्ववर्ती क्षेत्र अधिकारी या लेखाकारों की परस्पर ज्येष्ठता जो वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामले विभाग, बैंककारी प्रभाग नई दिल्ली के पत्र सं, एफ—2/17/79—आरआरबी तारीख 29 अप्रैल, 1980 बैंक द्वारा अंगीकृत किया गया है द्वारा परिचालित पुनरीक्षित वेतनमान जो उस तारीख को बैंक की सेवा में थे, इस प्रकार गणना की जा सकेगी कि सभी तत्कालीन क्षेत्र अधिकारी और/ या लेखाकार का रैंक तत्कालीन सभी विद्यमान शाखा अधिकारियों से कनिष्ठ होगा :

परंतु सरकारी पत्र सं. 11—3/90 आरआरबी 1 तारीख 22 फरवरी, 1991 से तत्काल पूर्व यथाविद्यमान किसी काडर या वेतनमान में अधिकारियों या कर्मचारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनके मध्य समान बनी रहेगी ।

(5) किसी बैच में सीधी भर्ती अधिकारियों या कर्मचारियों की परस्पर ज्येष्ठता किसी काडर या वेतनमान में उनके चयन के समय उनको आवंटित रैंक के संदर्भ के साथ गणना में होगी :

परंतु यदि अधिकारी या कर्मचारी बैंक को आवंटित साधारण या आरक्षित प्रवर्ग के अधीन भर्ती हुए हैं, इस प्रकार आवंटित ऐसे अभ्यर्थियों के मध्य परस्पर ज्येष्ठता जिन्होंने उसी तारीख को पद ग्रहण कर

लिया है ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के अनुसरण में बिना आरक्षित प्रवर्ग के लिए कल्पित अंकों को जोड़े बिना होगी।

14. प्रोन्नति–

सभी प्रोन्नतियां बैंक के विवेक पर की जाएंगी और कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी पद या काडर में प्रोन्नति को अधिकार के विषय के रूप में दावा नहीं करेगा :

परंतु बैंक में अधिकारियों या कर्मचारियों की प्रोन्नति अधिनियम की धारा 29 के निबंधनों में केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसरण में होगी ।

15. प्रत्यावर्तन–

कोई अधिकारी या कर्मचारी जो किसी उच्च काडर या वेतनमान में स्थानापन्न पर नियुक्त है बिना किसी सूचना के जहां वह इस प्रकार स्थानापन्न है किसी भी समय प्रत्यावर्तन का दायी होगा ।

अध्याय–4

आचरण, अनुशासन और अपील

16. किसी अधिकारी और कर्मचारी की सेवा का विस्तार–

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी पूर्णकालिक अधिकारी या कर्मचारी होगा और बैंक के निस्तारण

पर होगा, तथा वह ऐसी क्षमता में और ऐसे स्थान पर बैंक को उसके कारोबार में सेवा करेगा

जो ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के द्वारा समय–समय पर उसे निदेश दिए जाएं जिनकी

अधिकारिता, अधीक्षण या नियंत्रण के अधीन वह तत्समय तैनात है।

17. किसी अधिकारी के कर्तव्य–

प्रत्येक अधिकारी ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेगा और ऐसी कार्रवाई करेगा जो बैंक के प्रत्येक दिन सामान्य कार्य का कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की समय की अपेक्षा में आवश्यक हो जिसके अन्तर्गत बैंक परिसर या शाखा, दस्तावेज और उपस्कर तथा प्राप्ति को संभालना, प्रक्रिया करना, दस्तावेजों और अभिलेखों का प्रचालन और उन्हें प्रेषित करना और ऐसे अन्य विषय जो बैंक के कारबार से संबधित हों, भी है।

18. विनियम और आदेशों का पालन करने का दायित्व–

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी इन विनियमों का पालन करने को सुनिश्चित करेगा और जो ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के द्वारा समय–समय पर उसे सभी आदेशों और निदेशों का पालन, अनुपालन और आदर करेगा जो उसे दिए जाएं जिनकी अधिकारिता, अधीक्षण या नियंत्रण के अधीन यह तत्समय तैनात है ।

19. गोपनीयता बनाए रखने की बाध्यता–

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी बैंक के मामलों और उसके संघटकों की बाबत कड़ी गोपनीयता बनाए रखेगा तथा गोपनीय प्रकृति की किसी जानकारी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या तो जनता के किसी सदस्य को या बैंक के कर्मचारीवृंद को प्रकट नहीं करेगा जब तक कि कोई न्यायिक या अर्धन्यायिक प्राधिकरण द्वारा पारित किसी आदेश के अनुपालन में न हो या किसी ज्येष्ठ अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लिखित रूप से ऐसा करने का अनुदेश न दिया हो और अनुसूची 2 में यथाविनिर्दिष्ट घोषणा जमा करेगा।

20. बैंक के हितों की प्रोन्नति करने की बाध्यता–

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी बैंक में ईमानदारी और निष्ठापूर्वक सेवा करेगा तथा वह बैंक के हितों को प्रोन्नति करने का अधिकतम प्रयास करेगा और सरकार के अधिकारियों, बैंक के संघटकों और उपभोक्ताओं से सभी संव्यवहार में शालीनता तथा सावधानीपूर्वक करेगा ।

21. प्रेस, रेडियो इत्यादि को अभिदाय–

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी के पूर्व मंजूरी के बिना किसी समाचारपत्र या किसी अन्य आवधिक प्रकाशन के संपादन या प्रबंधन में अपना स्वयं को पूर्ण रूप से या भागतः या संचालन या भाग नहीं लेगा।

(2) कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी के पूर्व मंजूरी के बिना या उसके कर्तव्यों के सद्भावपूर्वक निर्वहन के सिवाय, रेडियो प्रसारण, टेजीविजन या कोई इलैक्ट्रानिक माध्यम में या लेख में अभिदाय या कोई पत्र लिखने या तो अपने नाम से किसी समाचारपत्र या किसी आवधिक या कोई सार्वजनिक या कोई अन्य दस्तावेज, कागजपत्र या सूचना जो उसकी पदीय हैसियत में उसके कब्जे में आती है अपने नाम से या किसी समाचारपत्र या किसी आवधिक या कोई सार्वजनिक या कोई अन्य दस्तावेज, कागजपत्र या सूचना जो उसकी

पदीय हैसियत में उसके कब्जे में आती है अपने नाम से या अनाम या कोई अन्य नाम से प्रकाशित नहीं कराएगा।

(3) कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी शासकीय सामग्री का कोई श्रव्य या वीडियो या फोटो रिकार्डिंग नहीं करेगा या सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी शासकीय सामग्री का प्रकाशन नहीं करेगा या नहीं कराएगा ।

(4) कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी के पूर्व मंजूरी के बिना, कोई पुस्तक या कोई समान मुद्रित सामग्री जिसका वह लेखक है या नहीं,प्रकाशित करेगा या कराएगा :

परंतु यदि ऐसा प्रसारण या अभिदाय या प्रकाशन जो पूर्णतः साहित्यिक, कलात्मक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक या सामाजिक लक्षण की है के लिए मंजूरी की अपेक्षा नहीं होगी।

22. अधिकारी या कर्मचारी नियोजन के बाहर या कारबार या पारिवारिक कारबार के उन्नयन में भाग नहीं लेना—

कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी बाहरी क्रियाकलाप, नियोजन या कार्यालय चाहे वह वैतनिक हो या अवैतनिक, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना, स्वीकार, याचना या मांग नहीं करेगा :

परंतु यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी ऐसी मंजूरी के बिना कोई सामाजिक या पूर्त प्रकृति या किसी साहित्यिक, कलात्मक, वृत्तिक या सांस्कृतिक शैक्षिक, धार्मिक या सामाजिक प्रकृति का कोई कार्य यदाकदा जिससे उसके पदीय कर्तव्यों में कोई व्यवधान नहीं होता है के अधीन करता है :

परंतु यह और कि वह ऐसे कार्य को नहीं करेगा या उसे प्रारंभ नहीं करेगा यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसे ऐसा करने का निदेश दिया जाए।

स्पष्टीकरण— इस विनियम के प्रयोजन के लिए—

(1) प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी यदि उसके कुटुंब का कोई सदस्य किसी व्यापार या कारबार या बीमा अभिकरण या कमीशन अभिकरण स्वयं का या प्रबंध में लगा हुआ है बैंक को रिपोर्ट देगा ;

(2) बीमा अभिकरण या कमीशन अभिकरण या उसके परिवार के किसी सदस्य के स्वामित्वाधीन या उसके प्रबंधाधीन के कारबार के समर्थन में कोई अधिकारी या कर्मचारी संयाचना करता है इस विनियम का भंग समझा जाएगा ;

(3) कोई अधिकारी या कर्मचारी बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना, अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन के सिवाय किसी बैंक या किसी अन्य कंपनी, जो कंपनी अधिनियम, 1956(1956 का 1) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत होने की अपेक्षा है या कोई वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए किसी सहकारी सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण, प्रोन्नति या प्रबंधन में भाग नहीं लेगा : परंतु कोई अधिकारी या कर्मचारी सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1912 (1912 का 2) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी सहकारी सोसाइटी या सहकारी सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त कोई तत्स्थानीय विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत शैक्षणिक, वैज्ञानिक या पूर्व सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण, उन्नयन या प्रबंधन में भाग ले सकेगा ;

(4) कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी लोक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति से सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना उसके द्वारा किए गए कार्य के लिए कोई फीस स्वीकार नहीं करेगा।

23. कोई अधिकारी या कर्मचारी बिना अनुमति के कर्तव्य से अनुपस्थित नहीं होगा या उपस्थिति में विलंब नहीं करेगा—

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना अपने कर्तव्य से अनुपस्थित नहीं होगा, न ही बीमारी या दुर्घटना की दशा में बैंक को स्वीकार्य किसी चिकित्सा व्यवसायी से किसी उचित चिकित्सीय प्रमाणपत्र को दिए बिना अनुपस्थित नहीं होगा।

(2) कोई अधिकारी या कर्मचारी, जो छुट्टी के बिना या अपनी छुट्टी से अधिक रूकने पर अनुपस्थित रहता है ऐसी अनुपस्थिति या अधिक रूकने की अवधि के लिए किसी वेतन और भत्ते को प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा और वह ऐसे अनुशासनात्मक उपायों का दायी होगा जो सक्षम प्राधिकारी अधिरोपित कर सकेगा;

परंतु सक्षम अधिकारी यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अधिकारी या कर्मचारी अनुपस्थित बने रहना या अधिक रूकना ऐसी परिस्थितियों के अधीन था जो उसके नियंत्रण से बाहर थी ऐसी अनुपस्थिति या अधिक रूकने को माफ कर सकेगा तथा निदेश देगा कि ऐसी अनुपस्थिति या अधिक रूकने को स्वीकार्य छुट्टी द्वारा विनियमित होगी ।

24. स्टेशन से अनुपस्थित—

कोई अधिकारी और कर्मचारी पूर्व मंजूरी प्राप्त किए बिना अपने मुख्यालय से रात भर अनुपस्थित नहीं रहेगा—

(i) कोई शाखा अधिकारी/शाखा का प्रभारी अधिकारी की दशा में, क्षेत्रीय प्रबंधक या महाप्रबंधक ;

(ii) अन्य दशा में, शाखा अधिकारी/बैंक का प्रभारी अधिकारी।

25. उपहार और दहेज को स्वीकार करने का प्रतिशोध–

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने परिवार के किसी सदस्य को याचना या स्वीकार या अनुज्ञात नहीं करेगा या उसके निमित्त कार्यरत किसी अन्य व्यक्ति को बैंक के किसी संघटक या उसके अधीनस्थ किसी अधिकारी या कर्मचारी से उपहार स्वीकार नहीं करेगा।

(2) कोई अधिकारी या कर्मचारी–

(क) दहेज को देने या लेने या प्रेरित करने, या

(ख) कोई दहेज यथास्थिति, किसी वधू या घर के माता–पिता या संरक्षक से प्रत्यक्षतः

या अप्रत्यक्षतः मांग नहीं करेगा।

स्पष्टीकरण– इस विनियम के प्रयोजन के लिए दहेज का वही अर्थ होगा जो दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (1961 का 28) में समनुदेशित है ।

26. स्टाक, भोयर इत्यादि में सद्टेबाजी–

कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी संस्था के स्टाक, शेयर, प्रतिभूति या किसी भी प्रकार की वस्तु की सट्टेबाजी नहीं करेगा :

परंतु इस विनियम में की कोई बात किसी अधिकारी या कर्मचारी को अपने निजी निधि को ऐसी रीति में जिसकी वह इच्छा कर सकेगा के सद्भावपूर्वक विनिधान करने से प्रतिषेध करने वाली नहीं समझी जाएगी।

स्पष्टीकरण– इस विनियम के प्रयोजन के लिए किसी संस्था के स्टाक, शेयर या प्रतिभूति या किसी प्रकार की वस्तु के बराबर क्रय करने या विक्रय करने को सट्टेबाजी समझा जाएगा।

27. उधार देने या उधार लेने या विनिवेश पर निर्बंधन–

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी अपनी व्यक्तिगत क्षमता में,–

(i) अपने कुटुंब के किसी सदस्य को या किसी ब्रोकर या किसी साहूकार या किसी अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी या कोई व्यक्ति, व्यक्तियों का संगम, फर्म, कंपनी या संस्था चाहे वह निगमित हों या न हों जो बैंक से संव्यवहार करती है, किसी धनीय बाध्यता के अधीन अपने को अन्यथा रखते हुए या अपने कुटुंब के किसी सदस्य को उधार देने या उधार लेने को अनुज्ञात नहीं करेगा ;

(ii) बिना किसी निधि के किसी स्टाक, शेयर या प्रतिभूति का क्रय विक्रय स्क्रिप्ट को क्रय करने की दशा में या उसके पूर्ण मूल्य को पूरा करना ;

(iii) किसी दौड़ में भाग लेने के लिए ऋण उपगत करना ;

(iv) बैंक के किसी संघटक को अपनी निजी क्षमता में धन उधार देना या विनिमय पत्र, सरकारी प्रपत्र या कोई अन्य प्रतिभूति के क्रय या विक्रय में ऐसे संघटक के साथ व्यक्तिगत व्यवहार करना ; और

(v) किसी अन्य व्यक्ति की धनीय बाध्यताओं को व्यक्तिगत क्षमता में गारंटी देना या सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के सिवाय हानि से अन्य व्यक्ति को ऐसी क्षमता में क्षतिपूर्ति के लिए करार करना :

परंतु कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी नातेदार या व्यक्तिगत मित्र को, बिना ब्याज के कोई छोटी रकम का निश्चित अस्थायी ऋण दे सकेगा या स्वीकार कर सकेगा या सद्भावपूर्वक किसी व्यापारी से उधारखाता प्रचालित कर सकेगा या अपने निजी कर्मचारी को कोई अग्रिम दे सकेगा :

परंतु यह और कि कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी सहकारी प्रत्यय सोसाइटी जिसका वह सदस्य है से ऋण प्राप्त कर सकेगा या किसी सहकारी प्रत्यय सोसाइटी जिसका वह सदस्य है से अन्य सदस्य द्वारा लिए गए ऋण के संबंध में प्रतिभूति दे सकेगा।

(2) कोई अधिकारी या कर्मचारी दिवाला आभ्यासिक ऋणग्रस्तता से बचने के लिए अपनी निजी मामले से प्रबंध करेगा ।

(3) कोई अधिकारी या कर्मचारी जो ऋणग्रस्त है सक्षम प्राधिकारी को अर्धवार्षिक 30 जून और 31 दिसम्बर को अपनी स्थिति की हस्ताक्षरित विवरणी देगा और विवरणी में यह प्रदर्शित करेगा कि अपनी स्थिति के सुधार के लिए उसके द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं।

स्पष्टीकरण– इस उपविनियम के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी या कर्मचारी को ऋण में होना समझा जाएगा :

(i) यदि उसका कुल दायित्व जो पूर्ण सुरक्षित है उसकी बारह मास के लिए सारवान वेतन से अधिक है अनन्य होंगेः

यदि यह प्रतीत होता है कि किसी युक्तियुक्त समय के भीतर अपने व्यक्तिगत स्रोतों से और अपरिहार्य चालू व्ययों को ध्यान में रखते हुए, अपने ऋणों का परिसमापन करने में असमर्थ है, वह दो वर्ष की अवधि के भीतर ऋण से प्रवरित होगा।

(4) कोई अधिकारी या कर्मचारी जो इस विनियम के अधीन मिथ्या विवरणी देता है या जो विहित विवरणी देने में असफल रहता है या किसी युक्तियुक्त समय के भीतर अपने ऋणों को समाप्त करने में असमर्थ है या किसी दिवालिया न्यायालय के संरक्षण के लिए आवेदन किया है पदच्युति के लिए दायी होगा—

28. जंगम या स्थावर और मूल्यवान संपत्तियां—

(1) प्रत्येक अधिकारी अपनी पहली नियुक्ति पर अपनी आस्तियों और दायित्वों की निम्नलिखित की बाबत पूर्ण विशिष्टियां देते हुए एक विवरणी देगा—

(क) या तो उसके नाम से या उसके कुटुंब के किसी सदस्य के नाम से स्थावर संपत्ति जो उसके विरासत या उसके स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा अर्जित या पट्टे पर या बंधक है,

(ख) उसके द्वारा विरासत में या समान रूप सें स्वामित्वाधीन या अर्जित या उसके द्वारा धारित शेयर, डिबेंचर और नकद जिसके अंतर्गत बैंक जमा भी है :

(ग) उसके द्वारा विरासत में या समान रूप से स्वामित्वाधीन या अर्जित या उसके द्वारा धारित अन्य जंगम संपत्ति; और

(घ) उसके द्वारा उपगत ऋण या अन्य दायित्व :

परंतु किसी अधिकारी की दशा में जो इन विनियमों के आरंभ की तारीख को बैंक की सेवा में पहले से ही है इन विनियमों के प्रारंभ की तारीख से तीन मास के भीतर विवरण देगा ।

(2) प्रत्येक अधिकारी प्रत्येक वर्ष के 31 मार्च को उक्त वर्ष के 30 अप्रैल से पहले बैंक को स्थावर /जंगम संपत्ति की विवरणी देगा ।

(3) कोई अधिकारी सक्षम प्राधिकारी को पूर्व सूचना के सिवाय पट्टा बंधक क्रय, विक्रय, उपहार या अन्यथा या तो अपने नाम से या अपने कुटुंब के किसी आश्रित सदस्य के नाम से कोई स्थावर संपत्ति को अर्जित या उसका निपटान नहीं करेगाः

परंतु अधिकारी द्वारा उसे सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति लेनी होगी;

(क) अधिकारी के साथ पदीय व्यवहार रखने वाले किसी व्यक्ति के साथ ऐसा कोई संव्यवहार किया जाता है; या

(ख) अन्यथा किसी नियमित या ख्यातिप्राप्त व्यवहारी द्वारा ऐसा संव्यवहार किया जाता है।

(4) प्रत्येक अधिकारी, उसके स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा अपने नाम में या अपने कुटुंब के किसी आश्रित सदस्य के नाम से धारित जंगम संपत्ति से संबधित प्रत्येक संव्यवहार की रिपोर्ट, यदि ऐसी संपत्ति का मूल्य रू. 25000/— से अधिक है तो सक्षम प्राधिकारी को करेगा ;

परंतु यदि ऐसा संव्यवहार—

(क) अधिकारी के साथ, शासकीय रूप से संबंध रखने वाले किसी व्यक्ति के साथ किया जाता है; या

(ख) किसी नियमित या प्रतिष्ठित व्यवहारी के माध्यम से अन्यथा किया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी अभिप्राप्त करनी होगी ।

(5) पूर्वगामी उप विनियम में किसी बात के होते हुए भी, सक्षम प्राधिकारी, साधारण या विशेष आदेश द्वारा किसी भी समय पर, किसी अधिकारी या कर्मचारी से उस आदेश में यथा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, उसके द्वारा या उसकी ओर से धारित या अर्जित या उसके कुटुंब के किसी आश्रित सदस्य के नाम की ऐसी जंगम या स्थावर संपत्ति के विस्तृत और पूरे विवरण, जो उस आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए, की अपेक्षा कर सकेगा और यदि बैंक द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाती है तो ऐसे विवरण में ऐसे साधन या स्रोत भी सम्मिलित होंगे जिनके द्वारा संपत्ति अर्जित की थी ।

29. विवाह संबंधी निर्बन्धन—

(1)(i) कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या पत्नी जीवित है, विवाह या विवाह की संविदा नहीं करेगा ।

(ii) कोई अधिकारी या कर्मचारी, अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह नहीं करेगा या विवाह की संविदा नहीं करेगा :

परंतु सक्षम प्राधिकारी, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि–

(क) ऐसा विवाह ऐसे अधिकारी या कर्मचारी और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है, और

(ख) ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह ऐसे अधिकारी या कर्मचारी को खंड (i) या खंड (ii) में यथा विनिर्दिष्ट किसी ऐसे विवाह को करने या विवाह की संविदा करने में छूट दे सकेगा ।

(2) कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी, जिसने भारतीय राष्ट्रीयता वाले व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करता है, तुरंत बैंक को इस तथ्य की सूचना देगा।

30. ऋण या आपराधिक आरोप के आधार पर किसी अधिकारी या कर्मचारी की गिरफ्तारी–

(1) किसी ऐसे अधिकारी या कर्मचारी को, जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी विधि की प्रक्रिया के अनुसरण में ऋण के लिए या किसी आपराधिक आरोप के आधार पर गिरफ्तार या निरूद्ध किया जाता है, यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसा निर्देश दिया गया हो तो,

यथास्थिति, उसकी गिरफ्तारी और/या निरूद्ध करने की तारीख से उस तारीख तक या ऐसी अवधि के दौरान जो सक्षम प्राधिकारी निदेश करे, निलंबित या निलंबनाधीन समझा जा सकेगा :

परंतु उस अवधि की बाबत जिसके लिए उसे ऐसा समझा जाता है, उसे विनियम 46 में यथा विनिर्दिष्ट जीवन निर्वाह भत्ता संदत्त किया जाएगा ।

(2) उप विनियम (1) के अधीन किसी अधिकारी या कर्मचारी को किया गया कोई संदाय उसके वेतन और भत्तों के समायोजन के अध्यधीन होगा जो मामले की परिस्थितियों के अनुसार और इस विनिश्चय को दृष्टि में रखकर किया जाएगा कि ऐसी अवधि की गणना ड्यूटी की अवधि के रूप में की जाए या छुट्टी की अवधि के रूप में :

परंतु पूर्ण वेतन और भत्ते केवल तभी अनुज्ञेय होंगे यदि ऐसे अधिकारी या कर्मचारी को–

(i) ऐसी अवधि के दौरान ड्यूटी पर समझा जाता है ; और

(ii) सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया जाता है या सक्षम न्यायालय द्वारा उसे निरोध से नियुक्त करने या उसके निरोध को अपास्त करने की दशा में वह सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान कर देता है कि उसे ऐसे अनुचित आचरण का दोषी नहीं पाया गया है जिसके परिणामस्वरूप उसका निरोध किया गया था ।

(3) (क) कोई अधिकारी या कर्मचारी पदच्युति या विनियम 39 में निर्दिष्ट किसी अन्य शास्ति का दायी होगा यदि उसे ऋण के लिए कारावास भेजा जाता है या ऐसे अपराध का सिद्धदोष ठहराया जाता है जिसमें सक्षम प्राधिकारी की राय में या तो नैतिक अधमता अंतर्वलित है या बैंक के किसी कामकाज से संबधित है या बैंक में अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उसके कर्तव्यों के निर्वहन के सबंध में है, इस बाबत सक्षम प्राधिकारी की राय निश्चायक होगी और अधिकारी या कर्मचारी पर आबद्धकर होगी;

(ख) ऐसी पदच्युति या अन्य शास्ति उसके कारावास जाने से या सिद्धदोष ठहराए जाने की तारीख से अधिरोपित की जा सकेंगी और ऐसे अधिरोपण पर विनियम 39 की कोई बात लागू नहीं होगी ।

(4) जहां किसी अधिकारी या कर्मचारी को उपविनियम (3) के अनुसरण में पद्च्युत किया गया है और उच्चतर न्यायालय द्वारा संबंधित दोषसिद्धि को अपास्त कर दिया जाता है और अधिकारी या कर्मचारी को दोषमुक्त कर दिया जाता है वहां उसे बैंक की सेवा में बहाल कर दिया जाएगा ।

(5) जहां किसी अधिकारी या कर्मचारी की ड्यूटी से अनुपस्थिति छुट्टी के बिना है या छुट्टी के उपरांत अनुपस्थिति ऋण के लिए या आपराधिक आरोप के आधार पर उसे गिरफ्तार किए जाने या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अनुसरण में उसे निरूद्ध किए जाने के कारण है वहां विनियम 23 के उपबंध भी लागू होंगे और उस विनियम के प्रयोजन के लिए उस अधिकारी या कर्मचारी को, यथास्थिति , छुट्टी के बिना स्वयं को अनुपस्थित रखना या उसके नियंत्रण के परे परिस्थितियों के अधीन से अन्यथा छुट्टी के उपरांत अनुपस्थित रहना माना जाएगा ।

31. राजनीति में भाग लेने और निर्वाचन लड़ने के लिए प्रतिशेध–

कोई अधिकारी या कर्मचारी राजनीति या किसी राजनैतिक प्रदर्शन में भाग नहीं लेगा या विधायी निकाय, नगरपालिका, जिला परिषद या जिला बोर्ड या किसी अन्य स्थानीय निकाय के सदस्य के रूप में निर्वाचन नहीं लड़ेगा ।

32. कतिपय संगमों, हड़तालों आदि में सम्मिलित होने के लिए प्रतिशेध –

(1) कोई अधिकारी जो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अर्थान्तर्गत कर्मकार नहीं है–

(क) बैंक के ऐसे कर्मचारियों के, जो अधिनियम के अर्थान्तर्गत कर्मकार हैं, किसी व्यवसाय या संघ का या ऐसे व्यवसाय संघों के परिसंघ का सदस्य या पदधारी नहीं बनेगा या नहीं बना रहेगा अथवा अन्यथा प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से सहबद्ध नहीं होगा या नहीं बना रहेगा ।

(ख) अपनी सेवा शर्तों या बैंक के किसी अन्य कर्मचारी की सेवा शर्तों से संबंधित किसी मामले के संबंध में, किसी प्रकार की हड़ताल का आश्रय नहीं लेगा या उसका किसी प्रकार से दुष्प्रेरण नहीं करेगा या उसके संबंध में किसी हिंसक, अनुचित या अशिष्ट प्रदर्शन में भाग नहीं लेगा ।

(2) किसी ऐसे कर्मचारी के संबंध में, जो ऐसे ग्रेड या पद पर कार्यवहन करता है जो कर्मकार का ग्रेड या पद नहीं है, यह विनियम भी उस समय तक लागू होगा जब तक ऐसा कर्मचारी ऐसे उच्चतर ग्रेड या पद पर कार्यवहन करता है ।

(3) कोई कर्मचारी किसी ऐसे संगम का सदस्य नहीं होगा या बना रहेगा जिसके उद्देश्य या क्रियाकलाप भारत की प्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, मानहानि, अपराध उद्दीपण के हित के प्रतिकूल है ।

33. साक्ष्य देना–

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के सिवाय, किसी व्यक्ति, समिति या प्राधिकारी द्वारा संचालित किसी जांच के संबंध में साक्ष्य नहीं देगा।

(2) जहां कोई अनुमोदन उपविनियम (1) के अधीन दिया गया है वहां कोई अधिकारी या कर्मचारी ऐसा साक्ष्य देते समय भारत सरकार या राज्य सरकार अथवा बैंक की नीति या किसी कार्रवाई की आलोचना नहीं करेगा ।

34. अधिकारी या कर्मचारी के सम्मान में कार्यक्रम–

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के सिवाय कोई मानार्थ या विदाई अभिनंदन प्राप्त नहीं करेगा या कोई प्रशंसापत्र स्वीकार नहीं करेगा अथवा अपने सम्मान में या किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी के सम्मान में आयोजित किसी सभा या सत्कार में भाग नहीं लेगा :

परंतु इस उपविनियम की कोई बात निम्नलिखित को लागू नहीं होगी –

(i) किसी अधिकारी या कर्मचारी के सम्मान में या किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी की सेवानिवृत्ति या स्थानांतरण के अवसर पर या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसने हाल ही में बैंक की सेवा छोड़ दी है, आयोजित सारभूत रूप से प्राइवेट और अनौपचारिक प्रकृति का कोई विदाई सत्कार समारोह; और

(ii) अधिकारियों या कर्मचारियों के संगम द्वारा आयोजित सामान्य और सस्ते सत्कार की स्वीकृति ।

(2) (क) कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी अधिकारी या कर्मचारी पर या तो प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से दबाब या प्रभाव डालकर उसे किसी विदाई सत्कार समारोह के लिए चंदा देने के लिए उत्प्रेरित या बाध्य नही करेगा,

(ख) कोई अधिकारी या कर्मचारी, किसी उच्चतर ग्रेड वाले किसी अधिकारी या कर्मचारी के सत्कार के लिए किसी मध्यवर्ती या निम्न ग्रेड के अधिकारी या कर्मचारी से विदाई सत्कार के लिए चंदे का संग्रहण नहीं करेगा।

35. संयाचना करना–

कोई अधिकारी या कर्मचारी, बैंक में उसकी सेवा से सबंधित विषयों के बाबत उसके हितों को बढ़ाने हेतु किसी वरिष्ठ प्राधिकारी पर कोई राजनैतिक या अन्य बाहरी प्रभाव नहीं डलवाएगा या डलवाने का प्रयास नहीं करेगा।

36. अभिदाय–

कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के सिवाय, किसी प्रकार के किसी उद्देश्य के अनुसरण में संघटकों या ग्राहकों से कोई निधि उगाहने या अन्य संबंधो के लिए नकद में या वस्तु रूप में अभिदायों के लिए मांग नहीं करेगा या उसे स्वीकार करेगा या अन्यथा उससे स्वयं को सहबद्ध नहीं करेगा ।

37. मादक सामग्रियों का उपभोग– कोई अधिकारी या कर्मचारी–

(क) जिस क्षेत्र में तत्समय मौजूद हो उस क्षेत्र में मादक पेय, औषधियों या अन्य सामग्रियों से संबंधित तत्समय प्रवृत्त किसी विधि का सर्वथा पालन करेगा ;

(ख) अपनी ड्यूटी के अनुक्रम के दौरान किसी मादक पेयों, औषधियों या अन्य सामग्रियों के प्रभाव में नहीं रहेगा और इस बात की सम्यक् सावधानी भी बरतेगा कि किसी भी समय उसके कर्तव्यों के निष्पादन में ऐसे पेयों, औषधियों या सामग्रियों द्वारा किसी प्रकार से दुष्प्रभाव न पड़े ;

(ग) किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी मादक पेयों, औषधियों, अन्य सामग्रियों के उपभोग से विरत रहेगा ;

(घ) मादकता की स्थिति में किसी सार्वजनिक स्थान पर उपस्थिति नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण– इस विनियम के प्रयोजनों के लिए ''सार्वजनिक स्थान'' से कोई ऐसा स्थान या परिसर अभिप्रेत है जहां जनता को, पैसे देकर या इससे अन्यथा प्रवेश कर सकती है या प्रवेश की अनुमति दी जाती है ।

38. यौन उत्पीड़न–

कोई अधिकारी या कर्मचारी कार्यस्थल पर कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जो किसी स्त्री के यौन उत्पीड़न की कोटि में आता हो ।

स्पष्टीकरण – इस विनियम के प्रयोजनों के लिए '' यौन उत्पीड़न'' के अंतर्गत प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से निम्नलिखित अवांछनीय लैंगिक रूप से कामुक व्यवहार भी है –

(क) शारीरिक स्पर्श और पहल ;

(ख) यौन चाह की मांग या अनुरोध ;

(ग) यौन रंजित अभ्युक्तियां ;

(घ) कोई अश्लील साहित्य दिखाना ; या

(ङ) अवांछनीय शारीरिक , मौखिक या गैर– मौखिक यौन प्रकृति का आचरण ।

39. शास्तियां–

इस अध्याय के पूर्वगामी विनियमों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी जो इन विनियमों का भंग करता है या जो उपेक्षा, अदक्षता या निष्क्रियता प्रदर्शित करता है या जो ऐसे कृत्य करता है जो बैंक के हितों के लिए हानिकारक है या उसके अनुदेशों के विरोध में है या जो अनुशासन भंग करता है अथवा कदाचार के किसी अन्य कृत्य का दोषी है, निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक शास्तियों का दायी होगा, अर्थात्–

1. अधिकारी :

(क) छोटी शास्तियां

(i) परिनिंदा करना ;

(ii) संचयी प्रभाव के बिना वेतनवृद्धि विधारित करना या रोकना ;

(iii) पदोन्नति रोकना ;

(iv) उपेक्षा या आदेश भंग द्वारा बैंक को हुई किसी संपूर्ण धनीय हानि या उसके भाग का उपलब्धियों या ऐसे अन्य रकमों से वसूली जो उसके प्रति शोध्य है ;

(v) संचयी प्रभाव के बिना दो वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए समय वेतनमान के निम्नतर प्रक्रम तक घटाना ।

(ख) मुख्य शास्तियां

(i) विनियम 39 के उपविनियम (1) के खंड (क) की मद (v) में यथा उपबंधित के सिवाय किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए समय वेतनमान में इस बारे में और निर्देशों सहित निम्नतर प्रक्रम तक कमी कि क्या अधिकारी ऐसी कमी की अवधि के दौरान वेतन वृद्धियां उपार्जित करेगा या नहीं और क्या ऐसी अवधि की समाप्ति पर कमी का उसके वेतन की भावी वृद्धियों को स्थगित करने का प्रभाव होगा या नहीं होगा;

(ii) निम्नतर ग्रेड या पद में कमी;

(iii) अनिवार्य सेवा निवृत्ति;

(iv) सेवा से हटाया जाना जो भावी नियोजन के लिए निरर्हता नहीं होगी;

(v) पदच्युति जो सामान्यतः भावी नियोजन के लिए निरर्हता होगी ।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित बातें शास्ति की कोटि में नहीं आएंगी, अर्थात्

(i) किसी अधिकारी की, उस पद की नियुक्ति के निबंधनानुसार, जो उसने धारण किया है, विभागीय परीक्षण या परीक्षा उत्तीर्ण करने में उसकी असफलता के कारण उसकी एक या अधिक वेतनवृद्धि को रोकना;

(ii) दक्षतारोध पार करने की अनुपयुक्तता के आधार पर किसी अधिकारी के समय वेतनमान में उसकी दक्षतारोध पर वेतनवृद्धियों को रोकना ;

(iii) किसी अधिकारी का उस उच्चतर ग्रेड पद के लिए स्थानापन्न कर्तव्यभार न देना या प्रोन्नति न करना, जिसके लिए वह विचार करने हेतु पात्र हो सकेगा किंतु उसके लिए उसके मामले पर विचार करने के पश्चात् वह अनुपयुक्त पाया जाता है ;

(iv) प्रोन्नति के लिए कतिपय अपेक्षा के पूरा न होने या अनुशासनिक कार्यवाहियों के लबित रहने जैसे कारणों के लिए किसी अधिकारी की प्रोन्नति को रोकना या स्थगित करना ;

(v) उच्चतर ग्रेड या पद पर स्थानापन्न किसी अधिकारी का इस आधार पर कि उसे विचारण के पश्चात् या उसके आचरण से असंबद्ध प्रशासनिक आधारों पर ऐसे उच्चतर ग्रेड या पद के लिए अनुपयुक्त समझा गया, निम्नतर ग्रेड या पद पर प्रतिवर्तन ;

(vi) परिवीक्षा की अवधि के दौरान या उसके अंत में किसी अन्य ग्रेड या पद के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किसी अधिकारी का, उसकी नियुक्ति के निबंधनों, या नियमों अथवा ऐसी परिवीक्षा को शासित करने वाले आदेशों के अनुसार पूर्व ग्रेड या पद पर प्रतिवर्तन ;

(vii) प्रतिनियुक्ति पर किसी अधिकारी का उसके मूल संगठन में प्रतिवर्तन ;

(viii) किसी अधिकारी की,—

(क) किसी संविदा या करार के अधीन से अन्यथा अस्थायी हैसियत में नियुक्त उस अवधि की समाप्ति पर, जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया या उससे पूर्व उसकी नियुक्ति के निबंधनों के अनुसार ;

(ख) किसी संविदा या करार के अधीन नियुक्ति, ऐसी संविदा या करार के निबंधनों के अनुसार ;

(ग) छंटनी के भाग रूप में, सेवा की समाप्ति :

परंतु विनियम 39 के उप विनियम (1) के खंड (क) की मद (i) से मद (v) में यथा विनिर्दिष्ट छोटी शास्तियां सक्षम प्राधिकारी द्वारा तब तक अधिरोपित नहीं की जाएंगी जब तक अधिकारी को लिखित में निम्नलिखित सूचना नहीं दे दी जाती ;

(i) उसे उन आधारों की सूचना देना जिसके आधार पर उसने उक्त शास्तियों के अधिरोपण का प्रस्ताव किया है ;

(ii) उसे सूचना की प्राप्ति की तारीख से 15 दिन की अवधि के भीतर लिखित में प्रतिरक्षा का कथन तैयार करने के लिए युक्तियुक्त अवसर देना और अधिकारी द्वारा प्रस्तुत

प्रतिरक्षा के कथन, यदि कोई हो, पर सुनवाई के पश्चात् विचार किया जाएगा :

परंतु यह कि ऊपर विनिर्दिष्ट प्रमुख शास्तियों में से किसी शास्ति के अधिरोपण का कोई आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिखित रूप में हस्ताक्षरित किसी आदेश के सिवाय, नहीं किया जाएगा और लिखित में आरोप या आरोपों को विरचित किए बिना और अधिकारी को दिए बिना और इस जांच के किए बिना कि उसके पास आरोप या आरोपों का उत्तर देने और स्वयं की प्रतिरक्षा या युक्तियुक्त अवसर रहे, ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

परंतु यह और कि कोई जांच नहीं की जाएगी, यदि—

(i) यदि ऐसे मामलों में कदाचार साबित हो जाता है, बैंक का हटाए जाने या पदच्युति का दंड अधिरोपित करने का आशय नहीं है; और

(ii) बैंक ने अधिकारी को कारण बताओ सूचना जारी की है जिसमें उसे कदाचार और उस दंड की सूचना दी गई है जिसका वह ऐसे कदाचार के लिए दायी हो सकेगा, और

(iii) अधिकारी ने पूर्वोक्त कारण बताओ सूचना के अपने जवाब में स्वयं के दोष को स्वेच्छा से स्वीकार कर लिया है।

2. **कर्मचारी :**

(क) छोटी शास्तियां

(i) परिनिंदा ;

(ii) उसके विरूद्ध प्रतिकूल टिप्पणियां अभिलिखित करना ;

(iii) छह मास से अनधिक की अवधि के लिए वेतन वृद्धि रोके रखना ;

(ख) मुख्य शास्तियां :

(i) जुर्माना ;

(ii) छह मास से अनधिक की अवधि के लिए वेतन वृद्धि (वृद्धियां) रोके रखना ;

(iii) विशेष भत्ते वापस लेना ;

(iv) यदि कोई कर्मचारिवृंद अधिकतम वेतनमान पर पहुंच जाता है तो दो वर्ष की अधिकतम अवधि तक अगले निम्नतर प्रक्रम तक वेतन को घटाना ;

(v) सेवा से हटाया जाना जो भावी नियोजन के लिए निरर्हता नहीं होगी ;

(vi) पदच्युति ;

परंतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनियम 39 के उप विनियम (2) के खंड (ख) की मद (i) से मद (vi) में यथा विनिर्दिष्ट मुख्य शास्तियां तब तक अधिरोपित नहीं की जाएंगी जब तक –

(i) आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिखित में हस्ताक्षरित न हो और ऐसा कोई आदेश, लिखित में आरोप (आरोपों) को विरचित किए बिना और कर्मचारी को दिए बिना और जांच किए बिना पारित नहीं किया जाएगा।

(ii) उसे लिखित में आरोप (आरोपों) का उत्तर देने और स्वयं की प्रतिरक्षा करने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं कर दिया जाता है ;

परंतु यह और कि कोई जांच करने की आवश्यकता नहीं होगी यदि,

(i) कदाचार ऐसा है कि यदि साबित भी हो जाता है तो भी बैंक का आशय हटाए जाने या पदच्युति का दंड अधिरोपित करने का नहीं है; और

(ii) बैंक ने कर्मचारी को कारण बताओ सूचना जारी की है जिसमें उसे कदाचार और उस दंड की सूचना दी है, जिसका वह ऐसे कदाचार के लिए दायी हो सकेगा; और

(iii) कर्मचारी ने पूर्वोक्त कारण बताओ सूचना के अपने जबाब में स्वयं के दोष को स्वेच्छा से स्वीकार कर लिया है।

40. प्रक्रिया का अधित्यजन–

सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनियम 39 की अपेक्षाओं का अधित्यजन किया जा सकेगा;

(क) यदि वह तथ्य जिसके आधार पर अधिकारी या कर्मचारी पर शास्ति अधिरोपित की जाती है, न्यायालय या सेवा न्यायालय में स्थापित कर दिया गया है; या

(ख) जहां अधिकारी या कर्मचारी को आपराधिक आरोप के आधार पर सिद्धदोष ठहराया गया है ;

(ग) जहां अधिकारी या कर्मचारी फरार हो गया है ; या

(घ) जहां किसी अन्य कारण से अधिकारी या कर्मचारी को इसकी संसूचना देना असाध्य हो गया है ; या

(ङ) जहां युक्तियुक्त रूप से विनियम 39 के अधीन विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करना साध्य नहीं है :

परंतु विनियम 39 की अपेक्षाओं का तब तक अधित्यजन नहीं किया जा सकेगा जब तक ऐसा करने के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित और बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दिए जाते हैं।

41. जांच करने की भाक्ति का प्रत्यायोजन –

सक्षम अधिकारी, लिखित रूप से साधारण या विशेष आदेश द्वारा निम्नलिखित को प्रत्यायोजन कर सकेगा –

(i) अधिकारी की दशा में, कोई ऐसा अधिकारी, जो उस अधिकारी से उच्चतर वेतनमान में है जिसके विरूद्ध में कार्यवाहियां आरंभ की जाती हैं;

(ii) कर्मचारी की दशा में, विनियम 39 के अधीन जांच करने के लिए कोई अधिकारी:
परंतु सक्षम प्राधिकारी अपने विवेकाधिकार से बैंक में कार्यरत किसी ऐसे अधिकारी को नाम निर्देशित कर सकेगा, जिसके अंतर्गत वे अधिकारी, जो किसी अन्य संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर आए हैं, या कोई लोक सेवक जो उस अधिकारी या कर्मचारी से उच्चतर वेतनमान में है, जिसके विरूद्ध कार्यवाहियां आरंभ की गई हैं, भी हैं ।

42. सामान्य जांच–

इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी घटना से भिन्न–भिन्न ग्रेडों के दो अधिकारी या एक अधिकारी अथवा एक कर्मचारी संयुक्त रूप से अंतर्ग्रस्त है और उन दोनों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाहियां आरंभ की जानी

हैं और अध्यक्ष की यह राय है कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधिकारी और कर्मचारी दोनों की बाबत सक्षम अधिकारी एक ही होना चाहिए तो अध्यक्ष यह निदेश दे सकेगा कि अधिकारी की बाबत सक्षम प्राधिकारी, अंतर्ग्रस्त अधिकारी और कर्मचारी दोनों की बाबत प्राधिकारी होगा और दोनों के विरूद्ध आरोपों में सामान्य जांच की जाएगी ।

43. भ्रष्ट आचरण—

इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी निम्नलिखित उपबंध वहां लागू होंगे जहां यह अभिकथन किया जाता है कि अधिकारी या कर्मचारी भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया गया है, अर्थात्—

(क) जहां यह अभिकथन किया जाता है कि कोई किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास आनुपातिक आस्तियां हैं या उसने आपराधिक कदाचार का कृत्य कारित किया है या ऐसे व्यक्तियों का साक्ष्य अपेक्षित है जो बैंक के अधिकारी या कर्मचारी नहीं हैं या जहां अध्यक्ष की राय में अभिकथनों का अन्वेषण बैंक द्वारा सुविधाजनक रूप से नहीं किया जा सकता है वहां अभिकथनों का अन्वेषण ब्यूरो या केन्द्रीय सतर्कता आयोग या ऐसे अन्य प्राधिकारी को सौंपी जा सकेगी जिसका अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन किया जाए ;

(ख) यदि अन्वेषण की रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ करने का यह प्रथम दृष्ट्या मामला है तो वह अन्वेषण रिपोर्ट केन्द्रीय सतर्कता आयोग या ऐसे अन्य प्राधिकारी को, जो अध्यक्ष द्वारा समय—समय पर इस निमित्त विनिश्चित किया जाए, उसकी यह सलाह लेने के लिए कि क्या संबधित अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ की जानी चाहिए, भेज सकेगा ;

(ग) यदि, यथास्थिति, केन्द्रीय सतर्कता आयोग या ऐसे अन्य प्राधिकारी की सलाह पर विचार करने के पश्चात् सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ की जा सकती है तो इन विनियमों के अधीन जांच, विभागीय जांच आयुक्त या किसी अन्य ऐसे व्यक्ति को, जिसे केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाए, सौंपी जा सकेगी;

(घ) विभागीय जांच आयुक्त या केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नामनिर्देशित कोई अन्य व्यक्ति सक्षम प्राधिकारी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ।

(ङ) सक्षम प्राधिकारी, ऐसी रिपोर्ट केन्द्रीय सतर्कता आयोग को उसकी सलाह के लिए अग्रेषित करेगा कि क्या, यथास्थिति आरोप या आरोपों को विरचित किया जाए या किए जाएं और विनियम के अधीन 39 के अधीन शास्ति या शास्तियां अधिरोपित की जाएं।

(च) सक्षम प्राधिकारी, केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सलाह पर विचार करने के पश्चात् शास्ति अधिरोपित करेगा ।

स्पष्टीकरणश : इस विनियम के प्रयोजनों के लिए किसी अधिकारी या कर्मचारी को भ्रष्ट आचरण का दोषी तब समझा जाएगा यदि वह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) की धारा 13, धारा 14, धारा 15 और धारा 16 में यथा परिभाषित आपराधिक कदाचार का कृत्य करता है या वह अनुचित प्रयोजन के लिए या भ्रष्ट रीति में कार्य करता है या वह अनुचित या भ्रष्ट हेतु के साथ अपनी शक्तियों का प्रयोग करता है या अपनी शक्तियों का प्रयोग करने से विरत रहता है ।

44. विधिक व्यवसायी को विनियोजित करने का निर्बंधन—

इन विनियमों के अधीन किसी जांच के प्रयोजनों के लिए कोई अधिकारी या कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी विधिक व्यवसायी को नियोजित नहीं करेगा ।

45. सेवानिवृत्ति के पश्चात् अनुशासनात्मक कार्यवाहियां—

(1) कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी, जो कदाचार के आरोप के आधार पर निलंबनाधीन है और जो अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर लेता है, अनुशासनात्मक कार्यवाहियों के चालू रहने और उसके निष्कर्ष और उस पर अंतिम आदेश जारी करने के विशिष्ट प्रयोजन के लिए अधिवर्षिता की आयु के पश्चात् भी सेवा में समझा जाएगा ।

(2) ऐसा अधिकारी या कर्मचारी जो निलम्बनाधीन है, अधिवर्षिता के तारीख के पश्चात् की अवधि के लिए किसी जीवन निर्वाह भत्ते का पात्र नहीं होगा ।

(3) ऐसा अधिकारी या कर्मचारी, जिसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ की गई है, अधिवर्षिता की तारीख पर सेवा में नहीं रहेगा किंतु अनुशासनात्मक कार्यवाही इस प्रकार चालू रहेगी मानो जब तक कार्यवाहियां समाप्त नहीं हो जाती और उसके संबंध में अंतिम आदेश पारित नहीं कर दिया जाता, वह सेवा में था ।

(4) ऐसा अधिकारी या कर्मचारी, जिसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ की गई है, अधिवर्षिता की तारीख के पश्चात् कोई वेतन और या भत्ते प्राप्त नहीं करेगा और कार्यवाही पूरी होने और उस पर अंतिम आदेश पारित होने तक अभिदायी भविष्य निधि (सीपीएफ) में अपने स्वयं के अभिदाय के सिवाय किसी अन्य सेवानिवृत्ति फायदों के संदाय का हकदार नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के प्रयोजनों के लिए विशेषाधिकारी छुट्टी और उपदान के भुगतान जैसे समान्य सेवानिवृत्ति फायदे, अनुशासनात्मक कार्यवाही के पूरा होने और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित होने तक रोका जा सकेगा और फायदों का निर्मोचन सक्षम प्राधिकारी के अंतिम आदेश के अनुसार किया जाएगा ।

46. निलंबन–

सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी अधिकारी या कर्मचारी को निलम्बित किया जा सकेगा और ऐसे

निलंबन की अवधि के दौरान अधिकारी या कर्मचारी निम्नलिखित जीवन निर्वाह भत्ते का

हकदार होगा, अर्थात्–

1 किसी अधिकारी की दशा में :

(अ) मूल वेतन

(i) निलंबन के पहले तीन मास में जांच की प्रकृति पर विचार किए बिना उस मूल वेतन का एक तिहाई जो अधिकारी, निलंबन की तारीख से पूर्व की तारीख को आहरण कर रहा था,

(ii) पश्चात्वर्ती अवधि के लिए–

(क) जहां जांच बैंक द्वारा विभागीय तौर पर की जाती है वहां अधिकारी के उस मूल वेतन का 1/2 भाग जो अधिकारी निलंबन की तारीख से पूर्व तारीख को आहरण कर रहा था ;

(ख) जहां जांच किसी बाहरी अभिकरण द्वारा की जाती है वहां अगले तीन मास के लिए मूल वेतन का एक तिहाई और निलंबन की शेष अवधि में एक बटा दो (1/2) ;

(आ) भत्ते :

निलंबन की पूरी अवधि के लिए, यदि कोई हो, विशेष भत्ते के सिवाय, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों की संगणना विनियम 46 के उपविनियम (i) के खंड (क) की मद (i) और (ii) में यथा विनिर्दिष्ट घटाए गए वेतन के आधार, वर्तमान दरों पर या अधिकारियों के उसी प्रवर्ग को लागू दरों पर की जाएगी।

2 कर्मचारी :

(अ) मूल वेतन–

(i) निलंबन के पहले तीन मास में जांच की प्रकृति पर विचार किए बिना उस मूल वेतन का एक तिहाई जो उस कर्मचारी को निलंबन की तारीख के पूर्व तारीख को मिल रहा था ;

(ii) पश्चात्वर्ती अवधि के लिए ;

(क) जहां जांच बैंक द्वारा विभागीय तौर पर की जाती है वहां उस मूल वेतन का आधा (1/2) जो कर्मचारी के निलंबन की तारीख से पूर्व की तारीख को ले रहा था ;

(ख) एक वर्ष पश्चात्, पूरा वेतन, यदि विभागीय जांच में विलंब संबंधित कर्मचारी या उसके किसी प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) के कारण नहीं होता है ;

(ग) जहां जांच किसी बाहरी अभिकरण द्वारा की जाती है और उक्त अभिकरण कर्मचारी को अभियोजित नहीं करने के निष्कर्ष पर पहुंचता है तो ऐसे अभिकरण की रिपोर्ट प्राप्ति की तारीख से छह मास के पश्चात् या निलंबन के एक वर्ष के पश्चात् इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो, और जांच में विलंब कर्मचारी या उसके प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) कारण नहीं होने की दशा में, पूरा वेतन संदेय होगा।

(आ) भत्ते :

निलंबन की पूरी अवधि के लिए विशेष भत्ते के सिवाय, यदि कोई हो, मंहगाई भत्ता और अन्य भत्तों की संगणना विनियम 46 के उपविनियम (2) के खंड (क) की मद (1) और (2) के निबंधनों में यथा विनिर्दिष्ट घटाए गए वेतन पर वर्तमान दरों पर या कर्मचारियों के समान प्रवर्ग को लागू दरों पर की जाएगी :

परंतु कोई अधिकारी या कर्मचारी तब तक जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा जब तक वह इस बात की घोषणा नहीं करता है कि वह किसी अन्य नियोजन, कारबार, वृत्ति या व्यवसाय में नहीं लगा है :

परंतु यह और कि निलबंन की अवधि के दौरान यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी, अपनी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने के कारण सेवानिवृत्त हो जाता है तो उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख से उसे कोई जीवन निर्वाह भत्ता संदत्त नहीं किया जाएगा ।

47. जीवन निर्वाह भत्ते से वसूली–

किसी अधिकारी या कर्मचारी को संदेय जीवन निर्वाह भत्ते से सभी अनिवार्य कटौतियां और बैंक द्वारा दिए गए अप्रतिभूत ऋण और अभिदायों, यदि कोई हों, की सभी किश्तों की वसूली की जाएगी।

48. निलंबन अवधि और सहबद्ध विषयों का निरूपण–

